<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–03 मई 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सरकार ने की पहल, सभी जिलों में बनाया जाएगा ओटीडी सेल, जिला स्तरीय प्रयासों की होगी नियमित समीक्षा।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य कर विभाग के साथ की उच्च स्तरीय बैठक, कहा–करदाताओं को प्रदान करें सरल, पारदर्शी और भरोसमंद अनुभव।
- शाहजहांपुर जिले में गंगा एक्सप्रेस वे पर वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने किया अभ्यास, आपदा में इस एक्सप्रेस वे से रात में भी उड़ान भर सकेंगे युद्धक विमान
- वेव्स दो हजार पचीस के वैश्विक मीडिया वार्ता में शामिल हुए सतहत्तर देशों के प्रतिनिधि, वेव्स घोषणा पत्र को अपनाया गया।

**********

प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी जिलों में वन ट्रिलियन डॉलर ओटीडी सेल बनाया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में यह पहल हुई है। प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार ओटीडी सेल जिलाधिकारी की अध्यक्षता में काम करेगा और इसमें जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सह संयोजक होंगे। करीब एक दर्जन जिला स्तरीय अधिकारी इसके सदस्य होंगे। जिलाधिकारी आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और उद्योगपतियों को भी इस समिति में शामिल कर सकेंगे। इस सेल का उद्देश्य राज्य की अर्थव्यवस्था के अनुसार जिले में हो रहे प्रयासों की नियमित समीक्षा और इस दिशा में जिलों के योगदान में तेजी लाना है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य कर विभाग को तकनीकी सशक्तिकरण की दिशा में तेज से आगे बढ़ने का निर्देश दिया है। विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ कल अपने सरकारी आवास पर उन्होंने एक उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने कर संग्रहण की क्षमता बढ़ाने के लिए आईटी टूल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स के अधिकाधिक प्रयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि करदाताओं को सरल, पारदर्शी और भरोसमंद अनुभव प्रदान किया जाए। क्षेत्र में तैनात अधिकारी व्यापारियों से संवाद बना कर रखें और सही रिटर्न फाइल करने में यथासंभव उनकी मदद करें। मुख्यमंत्री ने कर प्रणाली में नवाचारों को अपनाने और ईमानदार करदाताओं को सुविधा एवं सम्मान देने के लिए कहा। साथ ही कर चोरी को राष्ट्रीय क्षति बताते हुए उन्होंने कहा कि इसे रोकने के लिए कठोरतम और सुनियोजित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर चोरी किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा विभागों की समीक्षा की। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने राज्य संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा के तहत अच्छा प्रदर्शन कर रहे राजकीय और अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थानों की सराहना की। उन्होंने निजी संस्थानों को भी इस रैंकिंग में सम्मिलित करने के निर्देश दिए ताकि समस्त संस्थानों में गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकें। श्री योगी ने विश्वविद्यालयों और इंजीनियरिंग कॉलेजों में व्यवहारिक अध्ययन को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए। साथ ही गुणवत्तापूर्ण प्रयोगशालाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने शैक्षणिक और गैर–शैक्षणिक श्रेणी के सभी रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की युवाशक्ति को तकनीकी रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।**

मुख्यमंत्री ने गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए सभी प्राविधिक संस्थानों से एनबीए, एआईआरएफ और नैक मूल्यांकन के लिए विशेष तौर पर आगे आने की अपील की।

**********

प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई के हब के तौर पर विकसित किया जाएगा। इसके लिए सरकार जल्दी ही प्रदेश में एआई अपस्किलिंग प्रोग्राम शुरू करने जा रही है। प्रदेश के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने इसके लिए कार्य योजना तैयार की है। इस कार्य योजना के अनुसार, प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्राम्य विकास, राजस्व विभाग और सचिवालय प्रशासन अपस्किलिंग प्रोग्राम चलाएंगे। प्रत्येक माह प्रदेश के डेढ़ लाख लोगों को एआई आधारित तकनीकों में दक्ष बनाया जाएगा।

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल लखनऊ में राज्य स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी को संबोधित किया। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अनुसंधान के लिए विशेष कदम उठा रही है।

**आपकी खेती की चुनौतियों के लिये अनुसंधान करना भी जरूरी है। ऐसा हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा है, जहां जय जवान जय किसान है। वहीं पर जय विज्ञान ओर जय अनुसंधान भी है। इस साल हम लोगों ने रिसर्च के लिये 25 करोड़ रुपया अलग से व्यवस्था किया है कि जिससे जो जलवायु परिवर्तन हो रहा है और उसका जो दुष्प्रभाव बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में बढ़ने वाला है। ये बिना अनुसंधान के उसका समाधान नहीं हो रहा है।**

**********

शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेस–वे पर बनी हवाई पट्टी पर कल वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने अभ्यास किया। इस अभ्यास का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेस–वे को वैकल्पिक रन–वे के रूप में इस्तेमाल करना है। राफेल, सुखोई और जगुआर जैसे विमानों ने बरेली से उड़ान भरी और जलालाबाद में बने इस रनवे पर टच डाउन किया। प्रदेश के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन चुका है, जिसके एक्सप्रेस–वे पर लड़ाकू विमान रात में लैंडिंग कर सकेंगे।

**देश में पहली बार नाइट लैंडिंग की व्यवस्था हमारे उत्तर प्रदेश के एक्सप्रेसवे पर हो रही है। बहुत ही अभूतपूर्व है। ये दिखाता है कि हमने न केवल विकसित भारत का संकल्प लिया है, बल्कि धरातल पर उस संकल्प के लिये काम भी किया है। ये बहुत ऐतिहासिक काम हो रहा है। पूरे देश ने इसकी सराहना की है और ये दिखाता है कि हमारा देश और क्षमतावान बनके आगे बढ़ रहा है।**

**********

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स दो हजार पचीस के तहत मुम्बई में वैश्विक मीडिया वार्ता के दौरान कल वेव्स घोषणा को अपनाया गया। सदस्य राष्ट्रों ने परंपराओं और विरासत को आगे बढाने में सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की। वेव्स शिखर सम्मेलन के अंतर्गत आयोजित मीडिया वार्ता में सतहत्तर देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। हमारे संवाददाता ने बताया कि मुम्बई में वेव्स शिखर सम्मेलन के पहले दो दिन में वेव्स बाजार में फिल्म, संगीत, एनीमेशन, रेडियो और वीएफएक्स क्षेत्रों में अब तक दो सौ चौवन करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने बताया कि सम्मेलन में अभी दो दिन और शेष हैं, इसलिए यह आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद है। इस बीच, सूचना और प्रसारण मंत्रालय मुंबई में आयोजित वेव्स दो हजार पचीस में आज मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र पर वर्ष दो हजार चौबीस पचीस के आंकड़ो से संबंधित एक हैंडबुक जारी करेगा।

**********

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र दो दिवसीय बैठक में शामिल होने के लिए कल अयोध्या पहुंचे। उन्होंने मंदिर निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी साझा की। श्री मिश्र ने कहा कि पांच जून को राम दरबार में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी, जिसके लिए अनुष्ठान तीन जून से ही शुरू हो जाएंगे। श्री मिश्र ने बताया कि भूतल के दरवाजे और शिखर पर सोने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवम्बर के अंत तक पूरा मंदिर हैंडओवर कर दिया जाएगा।

**अभी एसटीपी हैंडओवर करके दिया गया है, जो श्रद्धालु सुविधा केन्द्र है वह पूरा हो गया है, तो हैंडओवर कर दिया गया है, तो धीरे–धीरे हैंडओवर का कार्य निश्चित रूप से नवम्बर तक हो जायेगा। मेरा अनुमान है कि मुख्य मंदिर में जो है वह भी अगस्त के अंत या सितम्बर में हैंडओवर होगा।**

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल अयोध्या के आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित बाइसवें अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेलकूद महोत्सव का शुभारंभ किया। इस राष्ट्रीय खेलकूद महोत्सव में चौबीस राज्यों के छप्पन कृषि विश्वविद्यालयों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

**********

पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्यपाल कलराज मिश्र ने कल कानपुर में शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने बाईस अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये शुभम के परिजनों का ढांढस बंधाया। श्री मिश्र ने शुभम को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि देश में जो लोग आंतकवादियों को संरक्षण दे रहे हैं उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

**********

प्रसिद्ध क्रिकेटर पद्म भूषण कपिल देव ने कल प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार और अन्य पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बदल रहा है और यह बदलाव अच्छा है। उन्होंने महाकुंभ में की गई व्यवस्थाओं और पुलिस विभाग के ऑफिस की सराहना भी की।

**********